ADITYA BIRLA
UltraTech

Birla White
EVER-WHITE
WHITE CEMENT WASH

# बिरला व्हाईट

## एवर-व्हाईट सीमेंट वॉश

## सफेदी बेमिसाल, चले सालों साल

# बिरला व्हाईट एवर–व्हाईट सीमेंट वॉश

बिरला व्हाईट 'एवर–व्हाईट सीमेंट वॉश' आपसे वादा करता है अत्यंत टिकाऊ, बेहद शानदार और काफी किफ़ायती वॉल फिनिश दिलाने का. यह सीमेंट पेन्ट्स के लिए एक प्राइमर कोट होने के साथ–साथ हर तरह की बारीक दरारों और सुराखों के लिए असरदार फिलर का भी काम करता है. **बिरला व्हाईट एवर–व्हाईट सीमेंट वॉश,** एकमात्र सीमेंट वॉश है जो कि साधारण व्हाईट सीमेंट वॉश/लाइम वॉश (चूने की पुताई) से ज़्यादा टिकाऊ है और इस्तेमाल की गई सतह पर बेहतरीन फिनिश दिलाता है.

बिरला व्हाईट एवर–व्हाईट सीमेंट वॉश एक झंझट रहित प्रोडक्ट है जिसका इस्तेमाल ब्रश या स्प्रे करके आसानी से कर सकते हैं, इसलिए इसे अनियमित कारीगरों/पेन्टर्स/राज मिस्त्रियों द्वारा आसानी से इस्तेमाल किया जा सकता है.

**3X ज़्यादा मज़बूती**

**सबसे सफेद**

**दरार नहीं पपड़ी नहीं**

## इस्तेमाल के क्षेत्र

- नई सीमेंट प्लास्टर की दीवार (अंदरूनी या बाहरी)
- आरसीसी/कॉन्क्रीट की सतहें

## विशेषताएं तथा फ़ायदे

- छोटे गड्ढों/छिद्रों, बारीक दरारों और सुराखों को भरता है
- शानदार सफेद फिनिश
- स्मूद मैट फिनिश
- सीलनदार /नम सतहों पर इस्तेमाल किया जा सकता है
- सतह को अतिरिक्त मज़बूती
- पपड़ी नहीं पड़ती, उधड़ता या बहता नहीं
- 3 वर्ष तक टिकाऊ

## आवश्यक औजार

- एक जैसा मिश्रण बनाने के लिए मैकेनिकल स्टियरर्स का इस्तेमाल करना चाहिए
- लगाने के लिए पेन्टिंग ब्रश/रोलर का इस्तेमाल करना चाहिए

## निचली सतह को तैयार करना

- एमरी/सैंडपेपर, ब्लेड या तार के ब्रश आदि की मदद से सतह/ दीवार पर चिपकी/लटकती समस्त सामग्री, धूल, मिट्टी तथा चिकनाई आदि को निकाल दें.

## निचली सतह को पहले गीला करना

- बिरला व्हाईट एवर–व्हाईट सीमेंट वॉश का इस्तेमाल करने से पहले निचली सतह को गीला करना एक महत्त्वपूर्ण कदम है, इससे सतह को बेहतर कार्यकारिता, कवरेज और ऊंची चिपकाव शक्ति मिलती है. सतह को गीला करने का काम ब्रश; हौस पाइप स्प्रे तथा मग/कैन से पानी छिड़ककर भी किया जा सकता है. इस्तेमाल से पहले सतह का गीला होना बहुत ज़रूरी है.

## ‘बिरला व्हाईट एवर-व्हाईट सीमेंट वॉश’ का मिश्रण बनाना

- मिश्रण अनुपात (1:1.2): एकसार गाढ़ा पेस्ट बनाने के लिए 1 किलो **‘‘बिरला व्हाईट एवर-व्हाईट सीमेंट वॉश’’** को साफ 120% पानी (1 किलो व्हाईट सीमेंट वॉश +1200 मिली पानी) में धीरे-धीरे मिलाएं.
- गाढ़ा पेस्ट बनाने के लिए मिश्रण का काम मैकेनिकल स्टेरर से करना (3-5 मिनट) बेहतर होगा/हाथ से मिश्रित करने में 10-12 मिनट का समय लें. तैयार पेस्ट का इस्तेमाल 1.5-2.0 घंटे के अंदर कर लेना चाहिए

## सतह पर इस्तेमाल

- अच्छी तरह मिश्रित करने के बाद, एक पेन्टिंग ब्रश (4 या 5 इंच)/उचित रोलर की मदद से ‘बिरला व्हाईट एवर-व्हाईट सीमेंट वॉश’ को नम/गीली दीवार/सतह पर एक समान रूप से लगाएं.
- उत्तम परिणाम पाने के लिए, प्रत्येक कोट करने के बाद सतह के 6-8 घंटे तक सूखने पर, पानी का छिड़काव करके सतह की उचित तराई करें. दूसरा कोट लगाने से पहले सतह को 24 घंटे या कम से कम रात भर सूखने दें.
- रात भर सूखने के बाद, दूसरा कोट लगाएं. सतह की बढ़िया फिनिश के लिए दो कोट काफी हैं.
- आखिरी कोट लगाने के बाद, कम से कम 3-5 दिन (मौसम दशाओं के अनुसार 2-3 बार) तक पानी से तराई करना ज़रूरी है.
- ब्रश को आड़ा चलाया जाना चाहिए. इससे सतह को बेहतर फिनिश मिलेगी तथा ब्रश के निशान भी कम से कम होंगे.

## तकनीकी मापक

| क्रम सं. | तकनीकी मापक | विनिर्धारण | टेस्ट विधि |
|---|---|---|---|
| 1. | कवरेज (वर्ग फुट/किलो/दो कोट) [अतिउत्तम स्मूद सतह पर]* | 38-42 | निजी |
| 2. | ताज़ा रहने की अवधि (घंटे) | 1.5-2.0 | निजी |
| 3. | सूखने का समय @ 25±2 °C<br>-टच ड्राई<br>-हार्ड ड्राई | <br>अधिकतम 1 घंटा<br>न्यूनतम 6 घंटा | <br>निजी<br>निजी |
| 4. | VOC (मिग्रा/किलो) | शून्य | ASTM 6886 |
| 5. | बल्क डेन्सिटी (ग्राम/सेंमी 3) | 0.90-1.0 | निजी |

*यह मान स्मूद सतह पर है, लेकिन सतह की संरचना के अनुसार इसमें बदलाव भी आ सकता है.

## सावधानियां

- ✔ मिश्रण बनाते समय, प्रोडक्ट बिरला व्हाईट एवर-व्हाईट सीमेंट वॉश को पानी में मिलाना चाहिए, इसका उल्टा नहीं करना चाहिए.
- ✔ मिश्रण बनाते समय लगातार हिलाते- चलाते रहें.
- ✔ बिरला व्हाईट एवर-व्हाईट सीमेंट वॉश का इस्तेमाल पूरी तरह से तैयार सतह पर करें.
- ✔ केवल उतनी ही मात्रा में मिश्रण तैयार करें, जिसका इस्तेमाल 2 घंटे के अंदर किया जा सके, ताकि इस्तेमाल से पहले मिश्रण जमने न लगे.
- ✔ अत्यधिक अवशोषक सतहों के लिए, फिनिश कोट को पतला कर लें.
- ✔ एवर व्हाईट सीमेंट वॉश के दो कोट के बीच 24 घंटे का अंतर रखने की सलाह दी जाती है.
- ✔ पेस्ट को इस्तेमाल करने से पहले हिलाते रहें. एकसार मिश्रण बनाने के लिए मैकेनिकल स्टेरर का इस्तेमाल सबसे उत्तम है.
- ✘ प्रोडक्ट का इस्तेमाल सूरज की सीधी रोशनी में न करें, क्योंकि ऐसे में तेजी से सूखता है और सतह पर ब्रश के निशान छूट जाते हैं.

**अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड (यूनिट बिरला व्हाईट)**
9 वीं मंजिल, बिरला सेन्चुरियन, पांडुरंग बुधकर मार्ग, वर्ली, मुंबई –400030
टेलीफ़ोन बोर्ड नंबर: 022–68540444/50365111

Website: www.birlawhite.com | Toll Free No.: 1800 11 1717

www.facebook.com/BirlaWhiteCement | twitter.com/BirlaWhite

bw-consumercare@adityabirla.com